<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 59

17 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

स्पंज लौह संयंत्र

59. डॉ. बंशीलाल महतोः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्पंज लौह संयंत्रों की छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) इन संयंत्रों में रोजगार सृजन की संभावनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इन संयंत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने का कोई प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क): वर्ष 2015-16 के दौरान, छत्तीसगढ़ सहित देश में कुल निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के स्पंज आयरन प्लांट्स की संख्या **अनुबंध- I** में दी गई है।

(ख): वर्ष 2012-13 में संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा संचालित सर्वेक्षण के अनुसार कथित वर्ष में घरेलू स्पंज आयरन बाजार में कुल 1,15,927 रोजगार थे। राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध- II** में दर्शाया गया है।

(ग) और (घ): इस्पात चूंकि नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है, अतः इस उद्योग की अनवरत वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मक विकास के लिए एक अनुकूल नीतिगत माहौल उपलब्ध कराने के लिए एक सुविधाप्रदाता तक ही सरकार की भूमिका सीमित है। निजी इस्पात क्षेत्र में कर्मचारियों की नियुक्ति के विशिष्ट निर्णय इस्पात कंपनी/निवेशक द्वारा उनकी आवश्यकतानुसार लिए जाते हैं। सीपीएसयू के मामले में, नियुक्ति भारत सरकार के दिशानिर्देशों के आधार पर होती है।

******

(लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 59, दिनांक 17.07.2017)

अनुबंध- I

भारतीय स्पंज आयरन उद्योग, * 2015-16 का राज्यवार ब्यौरा

राज्य	इकाई की संख्या
निजी क्षेत्र	
झारखंड	64
ओडिशा	83
पश्चिम बंगाल	41
छत्तीसगढ़	50
गोवा	3
गुजरात	1
महाराष्ट्र	8
आंध्र प्रदेश	7
कर्नाटक	31
तमिलनाडु	7
तेलंगाना	12
कुल निजी क्षेत्र	**307**
सार्वजनिक क्षेत्र	
तेलंगाना	1
कुल सार्वजनिक क्षेत्र	**1**
कुल: सार्वजनिक+निजी	**308**

स्रोत : जेपीसी, *अनंतिम

अनुबंध- II

भारतीय स्पंज आयरन उद्योग में रोजगार : 2012-13

राज्य	रोजगार (सं.)
झारखंड	5675
ओडिशा	51962
पश्चिम बंगाल	15998
छत्तीसगढ़	20990
गोवा	519
गुजरात	250
महाराष्ट्र	5246
आंध्र प्रदेश	5015
कर्नाटक	9496
तमिलनाडु	776
सकल योग	**115927**

स्रोत : जेपीसी सर्वेक्षण, 2012-13